## निर्भया स्कवाड्स का किया पुनर्गठन

**करौली ( नि.स. )।** जिला पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं को भय मुक्त वातावरण देने के लिए करौली और हिंडौन सिटी में अलग-अलग निर्भया स्कवाड्स महिला गरिमा हैल्पलाईन 1090 का पुनर्गठन किया है। जिला पुलिस अधीक्षक प्रदेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं कि सुरक्षा राजस्थान सरकार कि मुख्य प्राथमिकता में महिला एवं बालिकाओं को भय मुक्त वातावरण देने स्कूल,कॉलेज,कोचिंग सेंटर,बाजार,धार्मिक संस्थाओं, पार्किंग, बस स्टॉप, भीडभाड वाले स्थान एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर छीटाकसी एवं चैन स्नैचिंग,छेड़छाड़ एवं घटनाओं की प्रभावी रोकथाम करने तथा ऐसे अपराध कारित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु करौली जिला मुख्यालय व हिंडौन शहर मे अलग अलग निर्भया स्क्वाड्स का पुर्न गठन कर उन्हे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उन्होने बताया कि निर्भया स्क्वाड्स के करौली कि बनाई टीमो के प्रभारी अधिकारी वृताधिकारी करौली एवं हिंडौन कि टीमो के प्रभारी अधिकारी वृताधिकारी हिंडौन सिटी होंगे एवं सह प्रभारी संबधित थानाधिकारी होगे जो टीमो का सुपरवीजन करते हुए समय समय पर चैक करेंगे एवं इस संबंध मे पुलिस नियंत्रण कक्ष पर एक रजिस्टर का संधारण किया जायेगा

# बाल विवाह एवं बाल तस्करी मुक्त अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

भरतपुर (निस)। बाल विवाह एवं बाल तस्करी मुक्त अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पुलिस सभागार भरतपुर में किया गया। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भूतौली, इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल मीणा तथा श्रम विभाग से पधारे इंस्पेक्टर अरूण कुमार सिंह व दिशा फाउण्डेशन संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार सिंह द्वारा मां भगवती को माला अर्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्य का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ के दौरान प्रयत्न संस्था की प्रोजेक्ट हैड शालो हेम्ब्रोम ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया तथा जिले के 5 ब्लॉक तथा 5 ब्लॉकों के 50 गांवों में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रामगोपाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रयत्न संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस जिले में बालश्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह जैसे कानूनी अपराध को खत्म करने के लिए सब मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने जिले के सभी थानों से



बाल विवाह एवं बाल तस्करी मुक्त अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पुलिस सभागार भरतपुर में किया गया।

उपस्थित बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी बालश्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह के क्षेत्र में काम कर रहे स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्त्ताओं को सहयोग प्रदान करें तथा अपने-अपने क्षेत्र को चिन्हित करें तथा विभागीय तालमेल से रेस्क्यू भी करें। जिसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित दिशा फाउण्डेशन के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण का मुद्दा बहुत बड़ा है, अगर जिले को बालश्रम, बाल तस्करी मुक्त बनाना हैं तो बच्चों के हितकारी विभाग के आपसी समन्वय से कार्य करना होगा एवं पुलिस एवं मानव तस्करी विभाग का सहयोग हमेशा सराहनीय रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भूतौली ने उपस्थित सभी बाल कल्याण अधिकारियों को आग्रह किया कि बच्चों के मुद्दों को गम्भीरता से लें और सही तरीके से निष्पक्ष होकर जांच करें, जिससे अपराधी सजा से वंचित न हों और प्रतिमाह जो मासिक रिपोर्ट बाल कल्याण अधिकारियों के द्वारा आती हैं, उसको सही बनाके दें तथा मानव तस्करी

- **जिले के 5 ब्लॉक तथा 5 ब्लॉकों के 50 गांवों में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी**

विभाग के प्रभारी पूरनचन्द शर्मा ने मिशन वात्सलय के तहत योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा ट्रांसजेण्डर सेल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि, स्वयंसेवी संस्था, चाइल्डलाइन, डी.सी.पी.यू. एवं लेबर डिपार्टमेंट मिलकर रेस्क्यू करें। इसके बाद कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजाराम भूतौली एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल मीणा द्वारा सभागार में उपस्थित सभी बाल कल्याण अधिकारी एनजीओ सम्भागी एवं मानव तस्करी विरोधी यूनिट के कार्यकर्मियों को बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी मुक्त जिला बनाने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के समापन में टीना चौधरी, कॉर्डिनेटर प्रयत्न संस्था द्वारा आये हुए सभी अतिथि एवं बाल कल्याण अधिकारी चाइल्ड लाइन एवं एनजीओ सम्भागियों को कार्यक्रम में अपने महत्वपूर्ण समय देकर कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## सार-समाचार

### खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**भरतपुर ( निस )।** कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के अंतर्गत कार्यरत कृषि महाविद्यालय कुम्हेर परिसर में 8 से 10 अक्टूबर के दौरान आयोजित अंतरा महाविद्यालय खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन तीन दिनों के दौरान महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के उत्साह और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के डीन, प्रोफेसर एस आर ढाका ने विजेताओ की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन छात्रों में न केवल शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उनके नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करते हैं। सहायक निदेशक छात्र कल्याण डॉ रामफूल पूनीया ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं, तथा इस प्रकार के कार्यक्रम सामुदायिक भावना और नेतृत्व कौशल को भी प्रोत्साहित करते हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रों ने विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी, बैडमिंटन, वोलीबाल, टेबल टेनिस, दौड़, भाला, गोला, तस्तरी फेंक, उची कूद और लंबी कूद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों में हर वर्ग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा से सबको प्रभावित किया। वोलीबाल प्रतियोगिता में बी.एससी. कृषि चतुर्थ वर्ष की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि कबड्डी में तृतीय वर्ष की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। खेलकुद प्रतियोगिता प्रभारी डॉ दिलीप सिंह यादव ने बताया की विभिन्न प्रकार की 10 खेलकूद प्रतियोगिताओ मे हर वर्ग मे विजेता छात्र- छात्रायें कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर मे 22 से 26 अक्टूबर तक होने वाले खेलकूद कार्यक्रमों मे भाग लेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी, डॉ निरंजन कुमार बरोड ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रतिवेदन पेश करते हुए बताया कि छात्रों ने गायन, नृत्य, वाद-विवाद,नाटक, और चित्रकला जैसे कार्यक्रम मे बढ़ चड़ कर भाग लिया।

### 1962 कॉल सेन्टर का शुभांरभ

**करौली( नि.स. )।** पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीना ने बताया है कि प्रदेश स्तर पर पशुपालन मंत्री द्वारा 1962 कॉल सेन्टर का शुभांरभ किया है जिससे पशुपालकों को अब एक कॉल पर ही उनके द्वार पर बीमार पशु जहॉ है जिस हालत में है वही पर पशु डाक्टर, पशु कम्पाउण्डर मय औषधियों के साथ हाजिर होंगे। जिला स्तर पर विधायक दर्शन सिंह गुर्जर व सभापति प्रतिनिधि मुकेश पचैरी द्वारा 1962 कॉल सेन्टर का शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि 1962 कॉल सेन्टर जैसी सुविधा की बहुत ही आवश्यकता थी जिसे राज्य सरकार ने पूरा किया है, सभापति प्रतिनिधि ने बताया कि जिले को राज्य सरकार द्वारा 10 मोबाईल एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर कार्यवाहक संयुक्त निदेशक ब्रहम कुमार पाण्डेय, उपनिदेशक बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय मुंशी लाल मीना, अनुराग कटियार, शिवराम सिंह सांवरिया, अरुण कुमार शर्मा, सुधीर पाराशर, सीताराम मीना, खेमचंद मित्तल, मुकेश जाटव, रामकेश वर्मा, राजेश शर्मा, सोनु मीना, दीप सिंह जादौन व मोबाईल एम्बुलेंस स्टाफ उपस्थित रहे।

### उचित मुआवजा दिलाने की मांग

**करौली ( नि.स. )।** करौली दौरे पर आये कृषि मंत्री का भाजपा नेताओ ने स्वागत सम्मान कर अतिवृष्टि के दौरान किसानो कि खराब हुई फसल का उचित मुआवजा देने का ज्ञापन सौपा। करौली दौरे पर आये कृषि मंत्री भागीरथ चैधरी का करौली पहुॅचने पर विधायक दर्ान सिंह गुर्जर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियो ने माला साफा पहनाकर ज्ञापन सौपते हुए बताया कि संपूर्ण जिले में इस वर्ष भारी वर्षा होने की वजह से फसल में अतिवृष्टि हुई है। इसलिए काश्तकारों को भारी तादाद में नुकसान हुआ है उनकी आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए तुरंत प्रभाव से गिरदावरी कराई जाकर उनको नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग कि गई। भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर भी कृषि मंत्री ने चर्चा की सदस्यता अभियान को लेकर डोर टू डोर घर-घर जाकर सदस्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से कहा।भाजपा जिला प्रवक्ता मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि कृषि राज्य मंत्री का करौली जिले में प्रवेश करने पर करौली जिले कि सीमा से लेकर करौली जिला कार्यालय पर पहुंचने तक जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत कया गया इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं सपोटरा विधायक हंसराज बालौती भी कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चैधरी के साथ रहे।

### दो पक्षों में विवाद, एक की मौत

**रूपवास ।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानुआ में देर शाम हुए दो पक्षों में खूनी संघर्ष को लेकर लाठी भाटा जंग हो गई। इसमें 40 वर्षीय जितेंद्र जाटव की मौत हो गई गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर गहनोली मोड थाना पुलिस एवं सीओ अनिल डोरिया, तहसीलदार अमित शर्मा के साथ प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मामले को देख कर रूपवास, रुदावल व उच्चैन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित जाटव समाज के लोगों ने हत्या के विरोध में नेशनल हाइवे 123 पर जाम लगा दिया। काफी समझाइश करने के बाद ग्रामीण जाम को खोलने के लिए तैयार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र पुत्र रघुनाथ 40 साल अंडा चाऊमीन की दुकान करता था। भम्मू का बेटा चाऊमीन खरीदने के लिए दुकान पर आया।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

**करौली ( नि.स. )।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता विषय पर एएनएम प्रशिक्षण सभागार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में अस्पताल कार्मिकों, चिकित्सकों, नर्सिंग विधार्थियो ने भाग लिया। इस अवसर पर सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य हेतु हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। सप्ताह के अंतर्गत हुई विभिन्न वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश चन्द मीना,प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,डॉ रामकेश मीणा,डॉ प्रेमराज मीना जिला नोडल अधिकारी करौली कैलाश, प्रिंसिपल एएनएम टीसीए डॉ राजेश मीणा उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ मीना द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की महता पर जानकारी के साथ एएनएम ट्रेनिंग विधार्थी, स्टाफ को आत्महत्या रोकथाम एवं नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलवाई गई। पीएमओ डॉ रामकेश मीना ने युवाओं से मोबाइल के सीमित उपयोग एवं नशीले पदार्थो के सेवन से दूर रहने का आ ान किया। मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पत्रकार वार्ता में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, तनाव मैनेजमेंट के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। जिला नोडल अधिकारी एनएमएचपी डॉ प्रेमराज मीना द्वारा जिले में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा जिले के समस्त चिकित्सा संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाओ के माध्यम से जिले को नशा मुक्त करने एवम् मनोरोगों के बारे में जानकारी हेतु जनजागरुकता की मुहिम के रूप किए गए कार्य को बताया ।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** समग्र शिक्षा भरतपुर की ओर से महताव वाटिका सारस चौराहा भरतपुर में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्षता भगवानदास शर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि शिवानी दायमा व दलवीर सिह उपनिदेशक (महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रकोष्ठ), राजेश चौधरी उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग, संजू उपाध्याय वैट लिफ्टिंग चैम्पियन ने की। कार्यक्रम में एडीपीसी, समसा-भरतपुर अनित कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत उद्बोधन दिया। विभिन्न ब्लॉक परिक्षेंत्र के विद्यालयों से आई छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा क्रीडा सगंम भरतपुर की छात्राओं द्वारा मार्शल आर्ट एवं आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया गया। शिवानी




समग्र शिक्षा भरतपुर की ओर से महताव वाटिका भरतपुर में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया।

दायमा ने बालिकाओं को विभिन्न क्षेंत्रों में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। भगवानदास शर्मा ने गुरू-शिष्य की परम्परा को बनाये रखने पर जोर दिया तथा उपनिदेशक दलवीर सिंह ने महिलाओं को सशक्त एवं शिक्षित होने तथा बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग होने पर जोर दिया गया। ब्लॉक स्तर पर आयोजित किशोरी मेला में प्रारम्भिक एवं उच्च माध्यमिक श्रेणी के तीनों जोन के अन्तर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक/बालिकाओं ने भाग लिया ।

# सेवा के संकल्प के साथ शिविर का समापन

**हिंडौन सिटी ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में आयोजित द्वितीय तृतीय सोपान शिविर का समापन आज पीएम श्री स्वतंत्रता सेनानी चिरंजी लाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में हुआ।

शिविर समापन पर ध्वज शिष्टाचार में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाडी ने ध्वजारोहण किया एवं स्काउट व गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा के लिए तैयार रहना स्काउट गाइड का ध्येय वाक्य है। स्काउट गाइड मानवता की सेवा के साथ मूक प्राणियों एवं प्रकृति के संरक्षण की धुरी है।

सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि शिविर समापन के अवसर पर सभी स्काउट गाइड एवं स्टाफ ने स्वच्छता रैली निकाल स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचाया। रैली को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।स्काउट गाइड स्वच्छता रैली में नारे लगाते हुए कलेक्टर सर्कल के पीछे से होते हुए सिटी पार्क पहुंचे जहां पर प्रभारी जिला कमिश्नर सर्विस कुमार गुप्ता की प्रेरणा से स्वच्छता का कार्य किया।

बच्चों ने अप्राकृतिक पदार्थ को इकट्ठा कर सिटी पार्क को साफ सुथरा बना दिया ।स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के प्रधान देवी सिंह राजपूत बदनपुरा ने स्काउट गाइड के कार्यों की प्रशंसा की एवं विभिन्न अवसरों पर स्काउट गाइड को निर्देशित किया कि उन्हें विविध त्योहार व उत्सवों में अपनी सेवाएं अवश्य देनी चाहिए ताकि लोगों में जागृति आए एवं स्काउट व गाइड से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव हो सके।

इससे पूर्व अतिथियों का स्थानीय संघ करौली के सहायक सचिव गणेश चंद्र शर्मा,सुरेश चंद चौबदार एवं ट्रेनिंग काउंसलर गगन शर्मा द्वारा स्काउट रीति से स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया।

शिविर में स्काउट गाइड के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया जिसमें पायनियरिंग, खोज के चिन्ह, दिशा ज्ञान, विभिन्न प्रकार के गैजेट बनाना, स्काउट नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, आंदोलन का इतिहास, स्काउट गाइड के सोपान ,ध्वज शिष्टाचार,ड्यूटी परिवर्तन, दल के कार्य,मान सभा,वीपी व्यायाम आदि प्रमुख हैं।

द्वितीय तृतीय सोपान शिविर के पश्चात स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार में भाग ले सकेंगे।

प्रशिक्षक उमाशंकर शर्मा, बीएस भंडारी एवं मुकुट बिहारी गुप्ता द्वारा स्काउट गाइड को प्रशिक्षण दिया गया एवं समापन कार्यक्रम में सी ओ गाइड निरमा मीणा, राजेश कुमार शर्मा, अमृतलाल छाबड़ा, अनुराधा शर्मा गवर्नर मीणा सुरेश चौबदार राज्यपाल रोवर पीयूष नामा,नीतेश आदि उपस्थिति रहे।

## ‘नि:शब्द बालक राज्य स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा’

**करौली( नि.स. )।** एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की रालसा जयपुर के निर्देशन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष योग्यजन की खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा गत दिनों किया गया जिसमे नि:शब्द विद्यालय के 14 बालक बालिकाओं का विभिन्न खेलो में संभाग स्तर के लिए चयन हुआ है। उन्होने बताया कि संभाग स्तर कि प्रतियोगिता भरतपुर डालसा के अंतर्गत हुई जिसमें भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर गंगापुर जिले के दिव्यांगों ने भाग लिया इस दौरान नि:शब्द विद्यालय के गोलू मीणा ने कैरम में प्रथम स्थान, मनीष ने शॉटपुट में प्रथम एवं पिंकी माली ने चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तर के लिए जगह बनाई राज्य स्तर पर तीन बालक बालिकाओं कि सहभागिता रहेगी चयन होने पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश माधवी दिनकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि सचिव ममता चैधरी ने विजेताओं सहित विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी संस्था के समन्वयक सचिव सत्येन ने खेलकूद के दौरान निकल कर आई प्रतिभाओं को देखते हुए कहा कि विद्यालय में और कोच लगाकर प्रतिभाओं को निखारकर कर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता कराने का प्रयास किया जाएगा

# नगर निगम ने जिला आरबीएम अस्पताल के समीप अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की

**भरतपुर ( निस )।** गुरूवार को नगर निगम के द्वारा जिला आरबीएम अस्पताल के समीप रास्ते पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान अपने रोजगार को टूटते देख कुछ व्यापारी आक्रोशित होकर नगर निगम के अधिकारियों से भिड गए। कुछ व्यापारियों के द्वारा पथराव कर दिया। जिस पर नगर निगम के जेसीबी चालक को मौके से भागना पडा। जिसके बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पुलिस

- **अपने रोजगार को टूटते देख कुछ व्यापारी आक्रोशित होकर नगर निगम के अधिकारियों से भिड गए**
- **कुछ व्यापारियों के द्वारा पथराव के बाद नगर निगम के जेसीबी चालक को मौके से भागना पडा**

को बुलाया। पुलिस के आने के बाद आगे की कार्यवाही की गई। नगर निगम के द्वारा पूरे शहर में अतिक्रमण पर कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में गुरूवार को नगर निगम के द्वारा जिला आरबीएम अस्पताल के



गुरूवार को नगर निगम के द्वारा जिला आरबीएम अस्पताल के समीप रास्ते पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

समीप रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। जिला अस्पताल होने के चलते रोजाना हजारों मरीजों का अस्पताल में आवागमन रहता है। ऐसे में अस्पताल के समीप दर्जनों लोगों के द्वारा लकडी व लोहे के खोखे लगाकर खाद्य सामग्री का विक्रय किया जाता है। इन लोगो में उस वक्त हडकम्प मच गया। जब नगर निगम के अधिकारी जेसीबी और ट्रेक्टर ट्रॉली लेकर मौके पर पंहुच गए और खोखे नुमा दुकानों को हटाने लगे। कुछ खोखों को जेसीबी के द्वारा उठवाकर ट्रेक्टर ट्रॉली में रखवाकर जप्त की कार्यवाही की गई। वहीं कुछ दुकानदारों ने अपने खोखों पर बांस बल्लियों की मदद से शेड बना रखे थे। उनको नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से तोडना शुरू कर दिया। नगर निगम की टीम के द्वारा जैसे जैसे अतिक्रमण को तोडा गया। वैसे ही अपनी रोजी रोटी को टूटता देख स्थानीय दुकानदारों का आक्रोश फूट पडा। इनमें से कुछ दुकानदारों ने नगर निगम के दस्ते पर पथराव कर दिया। पथराव शुरू होते ही नगर निगम की जेसीबी का चालक मौके पर भागने को मजबूर हो गया। जिसके बाद दुकानदार नगर निगम के अधिकारियों से भी भिड गए। जिस पर मौके पर पुंलिस बुलाई गई। जिसके बाद नगर निगम ने एक बार फिर से अपनी कार्यवाही शुरू की गई। नगर निगम के सीएसआई संजय का कहना था कि दुकानदारों को पूर्व में ही बता दिया गया था कि अपने स्थायी अतिक्रमण को मौके से हटा लें। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटने पर कार्यवाही की गई। वहीं स्थानीय दुकानदारों का कहना था कि नगर निगम व यूआईटी के द्वारा पूर्व में उनको रोड से थोडी दूरी पर खोखे खोलने को कहा गया था। जिस पर यहां खाद्य सामग्री की दुकाने लगा रखी थी। वहीं कुछ दुकानदारों का कहना था कि उनकी खुद की जमीन पर उन्होंने दुकाने लगाई थी। ऐसे में नगर निगम के द्वारा गलत कार्यवाही की गई।

## उद्योगपति रतन टाटा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**कामां भरतपुर ( निस )।** संपूर्ण भारत देश सहित अन्य देशों में मशहूर उद्योगपति रतन टाटा के देवलोकगमन का समाचार आग की तरह फैल गया। मशहूर उद्योगपति रतन टाटा अपने नाम व काम से देश विदेश तक जाने जाते हैं। जैसे ही रतन टाटा के देवलोकगमन का समाचार मिला प्रत्येक देशवासी को दु:ख महसूस हुआ और सोशल मीडिया के माध्यम से सभी लोगों ने शोक-संवेदना व्यक्त कर ईश्वर से उनके लिए आत्मशांति की कामनाएं की गई। व्यापार महासंघ ईकाई कामां ने व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कमल अरोड़ा के कार्यकाल पर मशहूर उद्योगपति रतन टाटा को शोक संवेदना व्यक्त कर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मशहूर उद्योगपति और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा का निधन होने पर व्यापार महासंघ ईकाई कामां ईकाई कामां द्वारा ईश्वर से दिवगंत आत्मा को शांति और परिजनों व चाहने वालो को संबल प्रदान करें। इस मौके पर व्यापार महासंघ ईकाई कामां के अध्यक्ष कमल अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश लोहिया, लालचंद सिंघल महामंत्री, गिरधारी लाल पूर्व अध्यक्ष, दिलीप अरोड़ा कार्यकारिणी अध्यक्ष, हरिओम सोनी प्रवक्ता, जायंट्स ग्रुप आफ कामवन खैमराज , रमेश मंगला, संजय जैन, पवन गुलाटी, सचिन जैन, राजेश गुलाटी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आर्य वीर दल के विशाल शौर्य प्रदर्शन की तैयारिया पूरी कार्यक्रम कल



शौर्य प्रदर्शन की तैयारियो को लेकर चर्चा करते आर्य वीर।

**गंगापुर सिटी ।** आर्य वीर दल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में विजय दशमी में उपलक्ष्य में विशाल शौर्य प्रदर्शन व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कल शनिवार को प्रात: 6.15 बजे से 8 बजे तक बजाजा ट्रस्ट मैरिज गार्डन श्रीजी गंगापुर सिटी में होगा जिसमे आर्यवीरो और वीरांगनाओं के द्वारा विशाल व्यायाम प्रदर्शन के साथ ही लाठी, जूडो कराटे, तलवार, डम्बल, अग्निचक्र, योग, आसन, पिरामिड, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, मलखंभ, आग का गोला, आग का दरिया आदि हैरतंगेज कारनामों सहित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक गिरीश आर्य ने बताया की कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को आर्य समाज मंदिर में मीटिंग रखी गई जिसमे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान टैंट और साउंड की व्यवस्था आशुतोष आर्य को, संपर्क सूत्र की संजय आर्य, देवेंद्र आर्य को, अनुशासन बनाने की देवेंद्र आर्य, वीरेंद्र आर्य को सैनिक नमस्ते की मनोज आर्य, संजय आर्य, राजेश आर्य को, प्रदर्शन सामाग्री की यश शर्मा को जिम्मेदारीसौंपी गई। कार्यक्रम में लगभग 150 बालक (आर्य वीर- वीरांगनाओं) के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा जिनको पिछले 1 माह से शहर की विभिन्न शाखाओं में अजमेर से पधारे हुए व्यायाम शिक्षक दिनेश आर्य के द्वारा लाठी, जूडो कराटे, लाठी, लवार, डम्बल, अग्निचक्र, योग, आसन, पिरामिड,सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, मलखंभ, आग का गोला आदि का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्य वीरों के द्वारा सघन प्रचार प्रसार किया जा रहा है।